(ख) भू उपयोग सांख्यिकी 1989-90 (नवीनतम उपलब्ध) के अनुसार देश में बुवाई का निवल क्षेत्र 139.52 मिलियन हेक्टेयर था।

(ग) और (घ) भू उपयोग सांख्यिकी, 1989-90 (नवीनतम उपलब्ध) के ब्यौरे निम्नवत् हैं :—

(मिलियन हे. में)

1. वन	67.76
2. गैर कृषि उपयोग में रखा गया क्षेत्र	21.24
3. बंजर और अकृष्य भूमि	19.80
4. स्थायी चारागाह और अन्य चराई की भूमि	11.60
5. विविध मुख्य फसलों और उद्यानों के तहत की भूमि	3.57
6. कृषि बंजर भूमि	15.04
7. पुरानी परती भूमि	10.62
8. वर्तमान परती भूमि	15.72
9. बुवाई का निवल क्षेत्र	139.52
10. सकल फसली क्षेत्र	181.14
11. कुल कृषि क्षेत्र (क्रम संख्या 5 से 9 तक का योग)	184.47

आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए कृषि संदर्श के अनुसार 1996-97 के लिए बुवाई का प्रक्षेपित नवल क्षेत्र 141.0 मिलियन हैक्टेयर है जबकि सकल फसली क्षेत्र 190.6 मिलियन हैक्टेयर प्रक्षेपित है।

खरीफ फसलों के समर्थन मूल्यों में वृद्धि

2056. **श्री ईश्वर दत्त यादव** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उर्वरकों के मूल्यों में हुई वृद्धि को किसानों की क्षतिपूर्ति करने के उद्देश्य से खरीफ फसलों के समर्थन मूल्यों में वृद्धि की है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान उर्वरकों के मूल्यों में कितनी वृद्धि की गई तथा खरीफ और रबी फसलों के समर्थन मूल्यों में अलग-अलग कितनी-कितनी वृद्धि की गई है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) और (ख) आदान मूल्यों में परिवर्तन और उत्पादन की लागत पर पड़ने वाले उनके प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए 1992-93 मौसम की खरीफ की फसलों के लिये मूल्य नीति बनाई गई है। 1992-93 मौसम की खरीफ की फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्यों में काफी वृद्धि की गई है। धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में प्रति क्विंटल 40 रुपये; कदन्न में 35 रुपये– दलहनों में 95 रुपये; छिलकायुक्त मूंगफली में 105 रुपये; सूरजमुखी के बीज में 130 रुपये; सोयाबीन में 80 रुपये और कच्चे कपास में 110 रुपये की वृद्धि की गई है।

(ग) (i) गत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा निर्धारित प्रमुख कृषि जिन्सों के न्यूनतम समर्थन मूल्य और (ii) सांख्यिकी मूल्य नियंत्रण के तहत प्रमुख उर्वरकों के खुदरा मूल्यों को दर्शाने वाले विवरण अनुपत्र में दिये गये हैं। [देखिए परिशिष्ट 167, अनुपत्र संख्या 26]

केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान के आंचलिक केन्द्र

2057 **श्री वीरेन्द्र कटारिया** : क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान के कितने आंचलिक केन्द्र कार्यरत हैं :

(ख) प्रत्येक आंचलिक केन्द्र में वस्तुतः कितने वैज्ञानिक तैनात हैं तथा कार्य कर रहे हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि सिरसा (हरियाणा) स्थित उत्तरी आंचलिक केन्द्र में वैज्ञानिकों की कुल स्वीकृत संख्या 53 है जबकि पिछले 18 वर्षों से उस केन्द्र में केवल छः वैज्ञानिक तैनात किए गए हैं ;

(घ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और वैज्ञानिकों के रिक्त पद को भरने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं ; और

(ङ) आंचलिक केन्द्रों के कार्यकरण को सुधारने हेतु सरकार ने क्या कदम उठाये हैं ?